## सार समाचार

### अवैध मदिरा के चार प्रकरण पंजीबद्ध, 54 हजार मूल्य की मदिरा व सामग्री जब्त



**विदिशा (निप्र)।** सहायक जिला आबकारी अधिकारी राहुल ढोके ने बताया कि आबकारी उप निरीक्षक डॉक्टर अर्चना जैन द्वारा ग्राम रूसिया टपरा में कुरवाई पुलिस के सहयोग से सामूहिक दबिश देकर 800 किलोग्राम लहान एवं कुल बीस लीटर अवैध हाथ भट्टी मदिरा जब्त की जाकर मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा के अंतर्गत कुल चार प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिए गए हैं। जब्तशुदा सामग्री का बाजार मूल्य 54 हजार रूपये है। इस कार्यवाही में पुलिस टीआई मर्सकोले, आबकारी उप निरीक्षक सुनील चौहान, पुष्पेन्द्र ठाकुर सहित आबकारी आरक्षकों, पुलिस तथा होम गार्ड सैनिकों का सराहनीय सहयोग रहा है।

### आज आखिरी तारीख है फार्म वापसी की

**गंजबासौदा।** नगर पालिका चुनाव के क्रम में दिनांक 22 जून को जो अभ्यार्थी नाम वापस लेना चाहते हैं उन्हें आखिरी तारीख है तो समझा जाता है कि मंगलवार को जो प्रत्याशी मैदान से हटना चाहते हैं वह अपने फार्म वापस ले लेंगे और राजनीतिक दलों के प्रत्याशियों की सूची जारी हो जावेगी नामांकन वापसी के बाद निर्दलीय एवं राजनीतिक दलों के प्रत्याशी साफ तौर पर मैदान में आ जाएंगे।

### ब्राह्मण समाज की बैठक आज

**सीहोर।** शहर के खजांची लाइन स्थित सर्व ब्राह्मण समाज की धर्मशाला में बुधवार को शाम साढ़े छह बजे एक विशेष बैठक का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बैठक में आगामी चुनावी गतिविधियों को लेकर आवश्यक चर्चा की जाएगी। इस संबंध में जानकारी देते हुए ब्राह्मण समाज के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि बैठक सर्व ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष बालमुकुन्द पालीवाल की अध्यक्षता में आयोजित की बैठक के दौरान सभी विप्रजन अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर अपने सुझाव और सलाह देने के लिए आमंत्रित है।

### आबकारी विभाग ने 42 हजार से अधिक की अवैध मदिरा जब्त की



**सीहोर।** पंचायत एवं नगरीय निकाय के निर्वाचन को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर चन्द्र मोहन ठाकुर के निर्देश पर अवैध मदिरा के विरुद्ध निरन्तर कार्रवाई की जा रही हैं। आबकारी दल ने बुधनी के अनेक क्षेत्रों में कार्रवाई करते हुए 42 हजार 850 रूपए की देशी-विदेशी मदिरा एवं महुआ लाहन जब्त किया है। जिला आबकारी अधिकारी कीर्ति दुबे से प्राप्त जानकारी अनुसार आबकारी अमले ने बुधनी में छापामार कार्रवाई की। शाहगंज थाना अंतर्गत ग्राम चिकली के समीप खिरियाकुर्मी के जंगल से अज्ञात आरोपी से 750 किलोग्राम महुआ लाहन, बुधनी थाना अंतर्गत सलकनपुर रोड पर 54 नम्बर ढाबा से 19 बोतल बियर, 10 पाव देशी शराब प्लेन, 10 पाव गोआ व्हिस्की कुल 16 लीटर शराब जप्त की गई। जप्त सामग्री का बाजार मूल्य लगभग 42 हजार 850 रुपए है। कार्यवाही सहायक जिला आबकारी अधिकारी अमिताभ जैन तथा आबकारी अमले द्वारा की गई। अवैध शराब के विरूद्ध कार्यवाही सतत जारी रहेगी।

# शरीर को स्वस्थ और मन को शांत रखने के लिए योग जरूरी : कलेक्टर





सीहोर(निप्र)।

**अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर पूरे जिले में सामूहिक योगाभ्यास का कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य कार्यक्रम सीहोर के आवासीय खेल परिसर, गणेश मंदिर तथा सलकनपुर में आयोजित किया गया।**

इस अवसर पर कलेक्टर चन्द्र मोहन ठाकुर, जिला पंचायत सीईओ हर्ष सिंह, अपर कलेक्टर गुंचा सनोबर सहित बड़ी संख्या में नागरिक छात्र-छात्राएं तथा शासकीय सेवकों ने योग्याभ्यास किया। आयुष विभाग द्वारा आयोजित योगाभ्यास कार्यक्रम में कलेक्टर श्री ठाकुर ने कहा कि योग न केवल शरीर को स्वस्थ और मन को शांत रखने के लिए जरूरी है, बल्कि नियमित योगाभ्यास से सकारात्मक ऊर्जा भी मिलती है, जो रचनात्मक गतिविधियों की ओर अग्रसर करती है। योग शरीर को स्वस्थ, मन को नियंत्रित, अनुशासित और प्रसन्न रखता है। आवासीय खेल परिसर एवं सलकनपुर में कर्नाटक से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा भोपाल से मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के संबोधन एवं योगाभ्यास का सीधा प्रसारण दिखाया गया। आयुष अधिकारी नरेन्द्र सिंह लोधी ने बताया कि जिले में अनेक हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर, स्कूलों, जनपदों तथा स्वसहायता समूह की दीदियों ने भी सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया।

**तनाव मुक्त जीवन सभी को जीना चाहिए- अरुणा राय :** ध्यान योग, योग, हंसी के ठहाके के साथ घूमर नृत्य से पूरा सभागार मंत्रमुग्ध हो गया। कत्थक युवा कार्यक्रम में लगभग 100 से अधिक महिलाओं, बालिकाओं ने हिस्सा लिया। अंतरराष्ट्रीय योग व संगीत दिवस के उपलक्ष्य में सरस्वती कथक डांस कला केंद्र और इमप्राइमिस पब्लिक स्कूल महिला सांस्कृतिक मंच ने मंगलवार को कुइया गार्डन में महिलाओं व बालिकाओं के लिए संगीतमय कथक योग का आयोजन किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंची समाजसेवी अरुणा राय ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। डायरेक्टर सरस्वती कथक डांस कला केंद्र रुपाली सोनी, प्राचार्य इमप्राइमिस पब्लिक स्कूल सुनीता सोनी, अध्यक्ष सीहोर महिला सांस्कृतिक मंच ऊषा गुप्ता, संतोष विजयवर्गीय ने मुख्य अतिथि श्रीमती राय का स्वागत व सम्मान किया। मुख्य अतिथि अरुणा राय ने कहा कि तनाव भरे वातावरण में संगीत कथक योगा के साथ तनाव मुक्त व खुशनुमा जिंदगी सभी को जीना चाहिए। ट्रेनर रुपाली सोनी ने कहा कि जिंदगी ताउम्र सिखाना बंद नहीं करती, इसलिए हमें सीखते रहने की अपनी आदत कभी नहीं छोड़नी चाहिए। आजीवन शिष्य बने रहें और जीवन में योग अपनाएं। कार्यक्रम का संचालन व आभार सुनीता सोनी ने माना।

## योग का प्रभाव न केवल हमारे मस्तिष्क पर, बल्कि आत्मा पर भी पड़ता हैः ब्रह्मकुमारी



नागदा(निप्र)

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विद्यालय ने अर्न्तराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में संस्थान में प्राणायाम, योगासन, ध्यान एवं सूर्य नमस्कार, हास्य योगा, क्लैपिंग थेरेपी किया गया। जिसमें संस्था में आने वाले सभी भाई-बहनों ने बड़े ही उमंग व उत्साह के साथ योगा कार्यक्रम का लाभ उठाया।

इस मौके पर सेवा प्रभारी ब्रह्माकुमारी पूनम दीदी ने योग के विषय में उसके महत्व को बताते हुए कहा कि योग करने से केवल हमारे शरीर ही स्वस्थ नहीं रहते, अपितु योग से जीवन में सन्तुलन एवं अनुशासन भी आता है। योग करने से तनाव दूर होता है और मन एवं मस्तिष्क को भी आराम मिलता है। योग का प्रभाव न केवल हमारे दिमाग एवं मस्तिष्क पर पड़ता बल्कि आत्मा पर भी पड़ता है। राजयोग हमारी आत्मा को शुद्ध करता है।

राजयोग अर्थात् आत्मा का सर्वोपरि परमात्मा के साथ संबंध। राजयोग ऐसा योग है जिसे हर कोई कर सकता है। राजयोग ऐसी स्थिति है जिसमें व्यक्ति अपनी रोजमर्रा की चिंताओं से परे हो जाता है और हम अपने आध्यात्मिक सशक्तिकरण का आरंभ करते है। आध्यात्मिक जागृति हमें व्यर्थ और नकारात्मक भावनाओं को दूर कर अच्छे एवं सकारात्मक विचार चुनने की शक्ति देता है तथा समाज को सहयोग करने की शक्ति प्रदान करता है। क्योंकि सहयोग भी एक योग है।

## योग से निरोग करने विभिन्न योग क्रियाओं के माध्यम से दिया संदेश

गंजबासौदा(निप्र)।

स्थानीय शासकीय आयुर्वेदिक औषधालय एवं डायलिसिस सेंटर के संयुक्त तत्वाधान में विश्व योग दिवस के उपलक्ष में योग किया गया जिसमें भस्त्रिका कपालभाति अनुलोम विलोम आदि योग किए गए।

इस अवसर पर वक्ताओं ने अपने अपने विचार रख योग के संबंध में शुभ संकेत दिए। शासकीय आयुर्वेदिक औषधालय एवं डायलिसिस सेन्टर के संयुक्त तत्वाधान में विश्व योग दिवस के उपलक्ष में योग किया गया जिसमें भस्त्रिका, कपालभातीअनुलोम विलोम, उज्जाई, बाह, सूक्ष्म सहित अन्य योग भी किए।

### योग दिवस के मौके पर सब ने अपने अपने विचार रखे

योग स्वयं की, स्वयं के माध्यम से, स्वयं की यात्रा है, स्वयं को बदलो तो यह जग बदलेगा, योग से सुखमय हर दिन निकलेगा योग है स्वास्थ्य के लिए लाभकारी, योग रोग मुक्त जीवन के लिए गुणकारी नहीं होती है उनको बीमारी जो योग करने की करते हैं समझदारी, कौन करता है रोग से प्यार,योग अपनाएं जीवन में लाएं बाहर जो योग अपनाएगा वह रोगों को दूर भगायेगा योग दिवस खास बनाएं योग करने की आदत बनाएं

इस अवसर पर चेतना सेवा समिति के सचिव डॉ आर सी शर्मा,संयुक्त सचिव अशोक अग्रवाल मंकू , मशीनरी एवं हार्डवेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष सुरेश कुमार तनवानी, आयुर्वेदिक औषधालय से डॉक्टर संजीव कुमार द्वारिया, मेहरबान सिंह राजपूत, अर्जुन लाल पांचाल, टेक्नीशियन शरद भाई, शिवराज सिंह पटेल ,टेक्नीशियन छाया भट्ट, टेक्नीशियन मुकेश विश्वकर्मा,सुनीता स्वर्णकार,डा.राजीव श्रीवास्तव, विशाल शर्मा,सुरेंद्र रघुवंशी,संजू बाल्मीकि सहित कई लोग उपस्थित थे।

## मानवता के लिए योग करना आवश्यकःकपूर




रायसेन(निप्र)।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मुखर्जीनगर स्थित जनशिक्षण संस्थान कार्यालय रायसेन पर भी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इस अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष विजय कपूर के द्वारा कहा गया कि आज के वर्तमान समय में मानवता के लिए योग आवश्यक हैं और योग करने के कारण मानव की निरोगी काया बनी रहती हैं।

विजय कपूर का कहना हैं कि प्रत्येक व्यक्ति को स्वस्थ्य रहने के लिए योग करना अतिआवश्यक है। वहीं जन शिक्षण संस्थान की प्रभारी निदेशक श्रीमति प्रतिमा सिंह ने कहा कि योग संस्कृति का अभिन्न अंग अगर कोई हैं तो वह योग हैं और योग के करने से व्यक्ति स्वतंत्र रूप से कार्य कर सकता एवं शरीर को योग करने से एक अलग तरह की एक उर्जा उस व्यक्ति में योग के माध्यम से प्राप्त होती हे।

जिसके लिए प्रत्येक व्यक्ति को समय निकालकर योग करना और अन्य लोगों को योग के लिए प्रेरित करना आवश्यक हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थापक अध्यक्ष विजय कपूर एवं जनशिक्षण संस्थान की प्रभारी निदेशक श्री मति प्रतिमा सिंह सहित बालक एवं बालिकाओं को योग प्रशिक्षक के द्वारा मां सरस्वती जी को दीप प्रज्जवलित कर किया गया। योग प्रशिक्षकों के द्वारा कुमारी डिम्पल कुशवाह प्रियांशी बघेल के नेतृत्व में योग का कार्यक्रम प्रारंभ करते हुए विभिन्न योग के आसनों के द्वारा योग कार्यक्रम सम्पन्न कराया गया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से संस्थान के अधिकारी श्रीमती हेमलता कुशवाह संजय रावत अजीत वर्मा अशोक लोधी बीरेन्द्र मीणा रूकमणी कुशवाह हिम्मत सिंह मालवीय सहित संस्थान के अनुदेशक एवं अनुदेशिकाऐं समाज सेवियों सहित बालक एवं बालिकाऐं मुख्य रूप से इस योग दिवस कार्यक्रम में उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन हेमलता कुशवाह के द्वारा किया गया एवं आभार संजय रावत के द्वारा किया गया कार्यक्रम का सफल आयोजन अजीत वर्मा एवं अशोक लोधी के द्वारा किया गया कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय गीत के साथ सम्पन्न हुआ।

## सूअरों के आतंक से मुक्त करने बैरसिया में अभियान प्रारंभ

बैरसिया(निप्र)।



प्रधानमंत्री मोदी द्वारा भारत स्वच्छता अभियान के तहत बैरसिया में नगर पालिका प्रशासक आदित्य जैन के दिशा निर्देशों का पालन करते हुए, सीएमओ राजेश सक्सेना द्वारा नगर पालिका टीम जो लगभग 200 कर्मचारी के साथ नगर भ्रमण कर गंदगी फैलाने वाले सूअरों को, आज दिनांक तक 100 से भी अधिक संख्या में सूअर को पकड़कर जंगल में छोड़ दिया गया।

स्वच्छता अभियान एवं सूअर पकड़ो अभियान बैरसिया नगर में यह मुहिम जारी है। पत्रकारों को सीएमओ राजेश सक्सेना ने जानकारी देते हुए अवगत कराया कि, बैरसिया में सूअरों का आतंक मचा हुआ है, नागरिक गण परेशान है, बैरसिया की स्वच्छता एवं सुंदरता हेतु सूअर मुक्त किया जाएगा, उक्त कार्यवाही से बैरसिया नागरिक गणों में प्रसन्नता व्याप्त है।

## समाजसेवी विसन जी भाई की पुण्यतिथि मनाई

**गंजबासौदा।** स्थानीय मानस भवन में समाज सेवी स्मृति शेष विशन जी भाई की 28 वी पुण्यतिथि मनाई इस अवसर पर भारत माता ,विशन जी भाई एवं स्वर्गीय श्रीमती रतन बैंन शाह के चित्रों के समक्ष दीप प्रज्वलन कर माल्यार्पण कर भारत के 75 वे स्वर्ण महोत्सव के उपलक्ष में गरीब महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने हेतु 44 सिलाई मशीन पैरदान सहित भेट की वही 500 से अधिक लोगों के भोजन की व्यवस्था की गई।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि समाज सेविका श्रीमती रीता देवी भावसार , कार्यक्रम की अध्यक्षता एल बी एस कॉलेज के पूर्व प्रिंसिपल एस.एन .गोर ने की तथा विशिष्ट अतिथि रामायण मंडल ट्रस्ट के अध्यक्ष एड. मदन मोहन तिवारी थे। कार्यक्रम का संचालन नागरिक सेवा समिति के उपाध्यक्ष सुरेश कुमार तनवानी ने किया एवं श्वेतांबर समाज के सचिव विनोद कुमार शाह ने आभार व्यक्त किया। वही नागरिक सेवा समिति द्वारा प्रतिवर्ष अनुसार शैक्षणिक संस्थानो को गरीब बच्चियों के पढ़ाई के सहायतार्थ नवांकुर विद्यापीठ के शिक्षक संदीप रावत एवं पहलवान सिंह को 25000 हजार रुपए का चेक एवं स्पंदन अकादमी के प्रबंधन समिति के अध्यक्ष शालिग् राम टोटे जी को 25000 हजार का चेक अतिथियों की उपस्थिति मे उनके द्वारा ही भेंट किए गए। समिति के उपाध्यक्ष सुरेश कुमार तनवानी ने बताया आज 33 सिलाई मशीने समाज सेवी संस्था दमयंती धर्म कांटा सेवार्थ कांतिभाई शाह, रमेश भाई शाह एवं योगेश भाई शाह परिवार की ओर से एवं 11 सिलाई मशीनें स्व. मगन भाई शाह मातुश्री श्रीमती चंचल बाई एवं ज्योतिषना बहन के पुण्य स्मरण में उनके परिजन भरत भाई शाह, चेतन भाई शाह ,जीतूभाई शाह परिवार की ओर से वितरित की गई।

# सुनीता का नाम इंडिया बुक ऑफ रिकार्ड में हुआ दर्ज

रायसेन(निप्र)।



**भोपाल में आयोजित 2 दिवसीय राष्ट्रीय सेमीनार में रायसेन जिले की बाल कल्याण समिति की सदस्य सुनीता आर्य का नाम इंडिया बुक ऑफ रिकार्ड ब ऐशिया बुक ऑफ रिकार्ड में दर्ज हुआ हैं।**

जानकारी के अनुसार चाईल्ड कंजर्वेशन फाउंडेशन इंडिया के तत्वाधान में 2 दिवसीय राष्ट्रीय सेमीनार प्रशासन अकादमी भोपाल में हुआ उक्त समारोह में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के अलावा पर्यटन एवं सांस्कृतिक मंत्री उषा ठाकुर, राष्ट्रीय बाल आयोग के अध्यक्ष प्रियंक कानूनगो, फाउंडेशन अध्यक्ष डॉक्टर राघवेन्द्र शर्मा, सचिव डॉक्टर कृपा शंकर चौबे, राज्य बाल आयोग के सदस्य द्रविंद्र मोरे तथा देश के अन्य राज्यों के बाल अधिकार कार्यकर्ता एवं प्रतिनिधियों की उपस्थिति में यह कार्यक्रम सम्पन्न हुआ सी.सी.एफद्वारा बाल विकास एवं बाल मुददों को लेकर 100 लाईव वेबीनार आयोजित करने पर इंडिया बुक ऑफ रिकार्ड एवं एशिया बुक ऑफ रिकार्ड में सी.सी.एफ का नाम शामिल किया वेबीनार में सभी विषयों पर राय एवं सुझाव देने एवं सहभागिता के लिए रायसेन जिले से बाल कल्याण समिति सदस्य सुनीता आर्य का नाम इंडिया बुक ऑफ रिकार्ड ब एशिया बुक ऑफ रिकार्ड में दर्ज किया गया। बाल कल्याण समिति सदस्य रायसेन की सुनीता आर्य का नाम इंडिया बुक ऑफ रिकार्ड ब एशिया बुक ऑफ रिकार्ड में दर्ज होने पर जिले बासियों ने उनको शुभकामनाऐं एवं बधाई प्रषित की हैं।

# भाजपा और कांग्रेस पार्षदों के बीच होगा सीधा मुकाबला

रायसेन(निप्र)।

नगर पालिका परिषद के चुनावों को लेकर अब नगर के 18 वार्डों में सीधा मुकाबला भाजपा पार्टी और कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशियों के बीच में होना तय हो चुका हैं, क्योंकि जहां भाजपा पार्टी ने बाजी मारते हुए 17 जून को ही 18 वार्डों के भाजपा प्रत्याशियों की सूची जारी कर दी गई थी।

कांग्रेस पार्टी के पार्षद प्रत्याशियों की सूची अधर में लटकी हुई थी और ऐसे में जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा 21 जून को 12 बजे अपने पार्षदों की सूची जारी की गई हैं। सूची जारी होने के बाद अब वार्डों में अटकलों का दोर समाप्त हो चुका हैं अब 22 जून को नाम बापसी की आखिरी तारीख हैं ऐसे में भाजपा और कांग्रेस पार्टी के प्रबल दाबेदारों को टिकिट प्राप्त न होने के कारण वह निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में स्वंय तो मेंदान में नहीं उतर सके और अपने करीबियों को मेदान में उतारा गया हैं परन्तु जहां तक कुछ वार्डों में त्रिकोंणिय मुकाबला हो सकता हैं परन्तु चर्चा हैं कि मुख्य मुकाबला तो 18 वार्डों में भाजपा और कांग्रेस की बीच ही होना तय माना जा रहा है। वहीं भाजपा पार्टी के द्वारा नगर पालिका के चुनावों में 18 वार्डों के पार्षदों को दोबारा मोका नहीं दिया गया हैं ऐसे में नये पार्षद प्रत्याशी चुनावी महा संग्राम में अपनी जीत के लिए मतदाताओं से संपर्क करने में जुट चुके हैं और कांग्रेस और भाजपा पार्टी के पार्षद प्रत्याशियों का चुनावी माहोल 23 जून से बनेगा और पूरे वार्डों की धुंधली तस्वीर सामने आ जायेगी।

वहीं कांग्रेस और भाजपा पार्षद अपने रूठे हुए लोगों को मनाने में जुट चुकी है। रायसेन नगर पालिका के 18 वार्डों में पार्षदों के चुनाव मतदान के लिए 40 हजार 133 मतदाता अपने मतों का प्रयोग करेंगे। और जिला निर्वाचन विभाग के द्वारा नगर में 58 मतदान केन्द्र बनाये जायेंगे और मतदान करने के लिए जहां मतदाता पुरूषों की संख्या 20 हजार 651 है तो महिला मतदाताओं की संख्या 19 हजार 477 है और मतदाता मात्र 5 हैं ऐसे में भाजपा और कांग्रेस के बीच जो मुकाबला होना तय हो चुका हैं उनमें वार्ड 1 जो कि अनुसूचित जाति महिला के लिए आरक्षित हैं उनमें भाजपा पार्टी से राजकुमारी शाक्या तो कांग्रेस से अनीता शाक्या वार्ड 2 से भाजपा से परवीन बी. कांग्रेस से असरीन वार्ड 3से भाजपा से बेनीदेवी कुशवाह कांग्रेस से रवि यादव वार्ड 4 से भाजपा से वर्षा लोधी कांग्रेस से दीपक थोरात वार्ड 5 से भाजपा से मीना चौरसिया कांग्रेस से किरण सोनी वार्ड 6 से विवेक लोहट कांग्रेस से प्रभात सिंह चावला वार्ड 7 से भाजपा से कल्पना कांकर कांग्रेस से समीम बी. वार्ड 8 से भाजपा से कैलाश ठाकुर कांग्रेस से अश्लम खां वार्ड 9 से भाजपा से नीति पण्डया कांग्रेस से कोशर खान वार्ड 10 से भाजपा से प्रीति सोनी कांग्रेस से प्रियंका श्रीवास वार्ड 11 से श्री मति नेहा चावला भाजपा से कांग्रेस से सविता अहिरवार वार्ड 12 भाजपा से श्रीमति मीना कुशवाह कांग्रेस से गीता चौधरी वार्ड 13 से भाजपा से सविता सेन कांग्रेस से छोटू राय वार्ड 14 से भाजपा से देवेन्द्र यादव कांग्रेस से प्रिंयका सेन वार्ड 15 से भाजपा से दीपिका शर्मा कांग्रेस से रामवती मीणा वार्ड 16 से भाजपा से आरिफअली तो कांग्रेस से अब्दुल शहीद खां वार्ड 17 से भाजपा से शिखा राठौर कांग्रेस से अजिया बी. वार्ड 18 से भाजपा से उपेन्द्र पवार कांग्रेस से गोवर्धन के नाम भाजपा और कांग्रेस पार्टी ने तय कर दिये गये हैं और मुख्य मुकावला नगर के 18 वार्डों में भाजपा और कांग्रेस की बीच होगा कई ऐसे वार्ड हैं जहां पर निर्दलीय प्रत्याशी अपना जोर दिखाते हुए मुकाबले को त्रिकोंणीय बना सकते हैं। परन्तु चुनावी संग्राम के लिए जहां भाजपा पार्टी के जिला अध्यक्ष जय प्रकाश किरार नगर मंडल अध्यक्ष आदित्य शर्मा कांग्रेस से जिला अध्यक्ष देवेन्द्र पटेल और शहर ब्लॉक अध्यक्ष मनोज अग्रवाल की प्रतिष्ठा दाव पर हैं और 18 वार्डों में भाजपा और कांग्रेस पार्टी को एक दूसरे से कम और अपनों से ज्यादा खतरा दिख रहा हैं ऐसे में चुनावी दिलचस्प होता हुआ नजर आ रहा हैं।